## शिक्षा निदेशालय, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
## मध्यावधि परीक्षा अभ्यास पत्र (सत्र: 2025-26)
## कक्षा: V
## विषय: गणित

**अवधि: 2 घंटे** **अधिकतम अंक: 50**

**सामान्य निर्देश:**

1. **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
2. **इस प्रश्न पत्र में तीन खंड हैं, खंड-अ, खंड-ब और खंड-स**
3. **प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने दर्शाए गए हैं।**

---

### खंड-अ

**प्रश्न 1 मिनी नामक एक मछुआरी ने अपनी दुकान पर निम्नलिखित मूल्य सूची प्रदर्शित की है। सूची को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(4x2=8)**

| मछली का प्रकार | मूल्य (प्रति किलोग्राम) |
|---|---|
| सार्डिन | ₹ 60 |
| स्वोर्डफ़िश | ₹ 80 |
| झींगे | ₹ 150 |
| किंगफिश | ₹ 120 |

**1. ग्रेसी 3 किलो झींगे खरीदना चाहती है। उसे कितने पैसे देने होंगे?**

क) ₹ 50
ख) ₹ 150
ग) ₹ 300
घ) ₹ 450

**2. बशीर के पास ₹100 हैं। वह निम्नलिखित में से क्या खरीद सकता है?**

क) 2 किलो सार्डिन
ख) 2 किलो स्वोर्डफ़िश
ग) 1 किलो झींगा
घ) 1 किलो सार्डिन और 1/2 किलो स्वोर्डफ़िश

**3. यदि मिनी 2 किलो किंगफिश और 1 किलो स्वोर्डफिश बेचती है, तो वह कुल कितने पैसे कमाएगी?**

क) ₹ 200
ख) ₹ 240

ग) ₹ 320
घ) ₹ 400

**4. 1 किलो झींगा की कीमत 1 किलो सार्डिन से कितनी अधिक है?**

क) ₹ 60
ख) ₹ 90
ग) ₹ 150
घ) ₹ 210

**प्रश्न 2. अयान एक स्कूल प्रोजेक्ट के लिए एक आयताकार कार्डबोर्ड (4x2=8)**

**शीट को सजा रहा है।यह शीट 10 सेंटीमीटर लंबी और 8 सेंटीमीटर चौड़ी है। वह इस पर चौकोर स्टिकर चिपकाना चाहता है, और चारों तरफ 1 सेंटीमीटर चौड़ा किनारा खुला छोड़ना चाहता है। अब नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1. स्टिकर द्वारा ढकी हुआ कुल क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए?**

क) 12 वर्ग सेमी
ख) 28 वर्ग सेमी
ग) 32 वर्ग सेमी
घ) 48 वर्ग सेमी

**2. उस आंतरिक आयताकार क्षेत्र के घेरे कि लम्बाई क्या है जिसे अयान स्टिकर से ढकेगा?**

क) 48 सेमी
ख) 36 सेमी
ग) 28 सेमी
घ) 14 सेमी

**3. स्टिकर द्वारा कवर किया गया क्षेत्र, बॉर्डर के क्षेत्र से किस प्रकार संबंधित है?**

क) स्टिकर क्षेत्र बॉर्डर क्षेत्र से बड़ा है।
ख) बॉर्डर क्षेत्र स्टिकर क्षेत्र से बड़ा है।
ग) दोनों क्षेत्र बराबर हैं।
घ) संबंध निर्धारित नहीं किया जा सकता।

**4. कल्पना कीजिए कि अयान 2 सेमी भुजा वाले बड़े वर्गाकार स्टिकर का उपयोग करने का निर्णय लेता है। समान आंतरिक क्षेत्र को कवर करने के लिए उसे इन 2 सेमी आकार के कितने स्टिकर की आवश्यकता होगी?**

क) 48 स्टिकर
ख) 24 स्टिकर
ग) 12 स्टिकर
घ) 10 स्टिकर

**प्रश्न 3 निम्नलिखित सवालों का जवाब दें। (4x1=4)**

1. नीचे दिए गए पैटर्न को देखो। इसके बाद क्या आता है? क्रम में अगली आकृति बनाओ।

↑ → ↓ ← ↑ ______

2. मैं एक गुप्त संख्या हूँ। मेरे पास 6 दहाई से ज़्यादा और 7 दहाई से कम अंक हैं। मेरा इकाई का अंक मेरे दहाई के अंक से 2 कम है। मैं कौन सी संख्या हूँ?

3. संख्या 48 को उलटकर और मूल संख्या में जोड़कर उसे एक विशेष संख्या (पैलिंड्रोम) में बदलें।

या

मैं 30 से 40 के बीच की एक गुप्त संख्या हूँ। यदि आप मेरे दो अंकों को जोड़ दें, तो योग 8 होगा। मैं कौन सी संख्या हूँ?

4. नीचे दिए गए पैटर्न को देखिए। इस क्रम को नियंत्रित करने वाला नियम क्या है?

1, 3, 6, 10, 15, ______

या

अंग्रेजी वर्णमाला में ऐसा कोई अक्षर बनाएं जो 1/2 मोड़ के बाद भी वैसा ही दिखाई दे?

**खंड- ब**

**प्रश्न 4 कॉलम A का मिलान कॉलम B से कीजिए।** **(5)**

| **कॉलम अ** | **कॉलम ब** |
|---|---|
| i) न्यून कोण | क) एक कोण जो ठीक 90 डिग्री का हो। |
| ii) अधिक कोण | ख) 6 भुजाओं वाला एक बहुभुज। |
| iii) समकोण | ग) वह कोण जो 90 डिग्री से अधिक परंतु 180 डिग्री से कम हो। |
| iv) षट्भुज | घ) वह कोना जहाँ किसी आकृति की दो भुजाएँ मिलती हो। |
| v) शीर्ष | ङ) वह कोण जो 90 डिग्री से कम हो। |

या

**वाक्य को पूरा करने के लिए रिक्त स्थान में सही शब्द भरें।**

i) चार बराबर भुजाओं और चार समकोण वाली आकृति को ___________ कहा जाता है।

ii) वह कोण जिसका माप ठीक 90 डिग्री हो उसे ___________ कोण कहते हैं।

iii) 3 बजे घड़ी की सुइयाँ ___________ कोण बनाती हैं।

iv) कोई भी आकृति जो बंद नहीं है उसे __________ आकृति कहा जाता है।

v) एक त्रिभुज में __________ भुजाएँ और तीन कोण होते हैं।

**प्रश्न 5. सत्य या असत्य लिखिए -** (5)

1. निम्नलिखित क्रम में अगली संख्या 15 आती है:

   1, 3, 6, 10, ? ________

2. यदि आप अक्षर 'H' को उल्टा कर दें (आधा मोड़ दें) तो यह मूल अक्षर जैसा ही दिखेगा। ________
3. संख्या पैटर्न 5, 11, 23, 47 के लिए नियम है "2 से गुणा करें और 1 जोड़ें"। ______________
4. यदि "BOOK" के लिए गुप्त कोड "CNPJ" है, तो "COPY" के लिए कोड "DQRY" है। __________
5. बढ़ते पैटर्न 1, (1+2), (1+2+3), (1+2+3+4) में अगला नंबर 15 है। ___________

## खंड-स

**प्रश्न 6. रवि को मासिक पॉकेट मनी के रूप में ₹120 मिलते हैं।** (3)

वह इसे खर्च करने का निर्णय लेता है।वह इसे इस प्रकार खर्च करता हैं :

- वह अपनी जेब खर्च का $^1/_4$ हिस्सा एक कहानी की किताब पर खर्च करता है।
- वह अपनी जेब खर्च का $^1/_3$ हिस्सा नाश्ते पर खर्च करता है।

अ) उसने कहानी की किताब पर कितना पैसा खर्च किया?

______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________


ब) उसने नाश्ते पर कितना पैसा खर्च किया?

______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________

स) अंत में उसके पास कितना पैसा बचता है?

______________________________________________________________________
______________________________________________________________________
______________________________

**प्रश्न 7** नीचे दी गई तीन आकृतियों को देखें: एक आयत, एक वर्ग और अक्षर 'S' (3)



(अ) आयत और वर्ग के लिए सभी संभव सममित रेखाएँ (ऐसी रेखाएं जिन पर आइना रखने पर साथ वाला चित्र आईने में दिखाई दे) खींचिए।

(ब) इनमें से कौन सी आकृति 1/2 मोड़ के बाद वैसी ही दिखेगी?

(स) इनमें से कौन सी आकृति 1/4 मोड़ के बाद वैसी ही दिखेगी?

**प्रश्न 8 अंकित ने चार अलग-अलग रंगों के ब्लेड वाला एक पंखा डिज़ाइन किया है जैसा कि नीचे दिया गया है।** (4)



**(अ)** चित्र बनाएं कि यह पंखा घडी की दिशा में **1/4 मोड़** के बाद कैसा दिखेगा।

**(ब)** चित्र बनाएं कि यह पंखा घडी की दिशा में ½ **मोड़** के बाद कैसा दिखेगा।

**(स)** चित्र बनाएं कि यह पंखा घडी की दिशा में **3/4 मोड़** के बाद कैसा दिखेगा।

**(द)** क्या यह पंखा एक चक्कर पूरा करने से पहले बिल्कुल पहले जैसा दिखेगा? अपने उत्तर की व्याख्या कीजिए।

______________________________________________________________________________
______________________________________________________________________________
_______________________________________________________________________

**प्रश्न 9 सुनीता के पास अलग-अलग रंग के दो रिबन हैं-एक लाल (5)**

**रिबन जो 12 मीटर लंबा और एक नीला रिबन जो 18 मीटर लंबा है । वह दोनों रिबन को बराबर लंबाई की पट्टियों में काटना चाहती है ताकि कोई भी रिबन का टुकड़ा बचा न रहे।**

अ) 12 और 18 के सामान्य गुणनखंड क्या हैं?

______________________________________________________________________________
______________________________________________________________________________
_________________________________

ब) वह कितनी अधिकतम लम्बाई की पट्टियाँ काट सकती है?

______________________________________________________________________________
______________________________________________________________________________

स) इन सबसे लम्बी सम्भावित लम्बाई पर कुल कितनी लाल पट्टियाँ और कितनी नीली पट्टियाँ होंगी?

**या**

तीन घंटियाँ क्रमशः 4, 6 और 8 मिनट के अंतराल पर बजती हैं। यदि वे सभी सुबह 6:00 बजे एक साथ बजती हैं, तो निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए:

क) कितने मिनट बाद वे पहली बार फिर से एक साथ बजेंगे? (सबसे छोटा सांझा गुणज ज्ञात कीजिए - LCM)

ख) वे अगली बार किस समय एक साथ बजेंगे?

ग) प्रत्येक घंटी एक साथ पुनः बजने से पहले कितनी बार अलग-अलग बजेगी?

**प्रश्न 10. एक स्कूल में एक सब्जी का बगीचा है जो 20 बराबर भागों में विभाजित है। इसमें अलग-अलग सब्जियाँ उगाई जाती हैं।** (5)

- बगीचे के $^1/_2$ भाग में टमाटर उगाए जाते हैं।
- पालक बगीचे के $^1/_5$ भाग में उगाया जाता है।
- शेष भागों में बैंगन उगाए जाते हैं।

**अ)** बगीचे के कितने हिस्से का उपयोग टमाटर उगाने के लिए किया जाता है?

**ब)** पालक उगाने के लिए कितने भागों का उपयोग किया जाता है?

**स)** बगीचे का कितना भाग बैंगन उगाने के लिए उपयोग किया जाता है?

_______________________________________________________________________

**द)** नीचे दिए स्थान में आयताकार बगीचा बनाएं, जिसमें टमाटर, पालक और बैंगन के भागों को अलग-अलग रंगों या छायांकन का उपयोग करके दर्शाया गया हो।

**या**

**कीर्ति एक दुकान से सब्ज़ियाँ खरीद रही है। प्रत्येक वस्तु की 1 किलोग्राम की कीमत नीचे दी गई है:**

| **सब्ज़ी** | **कीमत (प्रति किलोग्राम)** |
|---|---|
| आलू | ₹ 24 |
| प्याज | ₹ 32 |
| टमाटर | ₹ 40 |
| गाजर | ₹ 60 |

वह निम्नलिखित वस्तुएँ खरीदती है:

- $^1/_2$ किलोग्राम टमाटर
- $^1/_4$ किलोग्राम गाजर
- $^3/_4$ किलोग्राम आलू
- $^1/_2$ किलोग्राम प्याज

उसके द्वारा खरीदी गई प्रत्येक सब्जी की लागत की गणना करें और उसके बिल की कुल राशि का पता लगाएं।